संख्या : 19/2017/152/छप्पन-2017-43/2015

प्रेषक,

एस0के0 रघुवंशी,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
नागरिक उड्डयन,
उ0प्र0, लखनऊ।

नागरिक उड्डयन अनुभाग लखनऊ : दिनांक : 23 फरवरी, 2017

विषय :राजकीय अगुस्ता हेलीकॉप्टर- वी0टी0-यू0पी0एल0 के अनुरक्षण कार्य हेतु एक Vertical Gyro, Part No. 46060-11 को एक्सचेन्ज के आधार पर क्रय किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या- 638/ना0उ0नि0/इंजी/ए-2-2016(पी), दिनांक 27-01-2017 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राजकीय अगुस्ता हेलीकॉप्टर- वी0टी0-यू0पी0एल0 में लगा हुआ पुर्जा Vertical Gyro, Part No. 46060-11 खराब हो गया है। हेलीकॉप्टर को निरन्तर उड़ान योग्य बनाये रखने के लिये मैसर्स लियोनार्डो एस.पी.ए., इटली से कोटेशन प्राप्त किया गया। प्राप्त कोटेशन ई-मेल दिनांक 04-01-2017 के अनुसार वर्णित पुर्जा Vertical Gyro मात्र 01 को एक्सचेन्ज के आधार पर क्रय करने हेतु कुल मूल्य यू0एस0डॉलर 52,955.49 मात्र है, जो भारतीय मुद्रा में रूपये 70/- की विनिमय दर से बैंक चार्जेज सहित रूपये 37,06,884.00 अर्थात् रूपये 37,06,880.00 (रूपये सैंतीस लाख छः हजार आठ सौ अस्सी मात्र) के अग्रिम आहरण की स्वीकृति प्रदान की जानी है। चूंकि इंगित पार्ट एक्सचेन्ज के आधार पर क्रय किया जाना है, जिसे हेलीकॉप्टर से निकाल कर फर्म को वापस भेजा जायेगा। खराब यूनिट का अधिकतम कोर वैल्यू यू0एस0 डॉलर 25,600.00 फर्म द्वारा क्रेडिट मेमों के रूप में वापस किया जायेगा, जिसका समायोजन निदेशालय द्वारा निर्गत अन्य क्रय आदेशों से किया जाना है। अतः राज्यपाल महोदय राजकीय अगुस्ता हेलीकॉप्टर- वी0टी0-यू0पी0एल0 के इंगित पुर्जे को निर्माता कम्पनी से प्राप्त कोटेशन के आधार पर यू0एस0 डालर 52,955.49 जो भारतीय मुद्रा में रूपये 70-00 प्रति यू0एस0 डालर की विनिमय दर से (बैंक चार्जेज सहित) रूपये 37,06,880.00 (रूपये सैंतीस लाख छः हजार आठ सौ अस्सी मात्र) होता है, के व्यय एवं फर्म को अग्रिम भुगतान करने की स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- उपर्युक्त स्वीकृत धनराशि का भुगतान अग्रिम के रूप में निर्माता कम्पनी को वायरट्रांसफर के माध्यम से किया जायेगा।

---2

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

3- निर्माता फर्म को हेलीकॉप्टर से निकाले गये यूनिट वापस भेजे जाने पर पुर्जा का कोर वैल्यू यू0एस0 डालर 1587-00 मात्र फर्म द्वारा क्रेडिट मेमों के रूप में वापस किया जायेगा। इस प्राप्त धनराशि का समायोजन तत्काल कर लिया जाय तथा समायोजन के पश्चात इसकी सूचना शासन को दी जाय।

4- स्वीकृत धनराशि का आहरण वित्त (लेखा) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-ए-1-2774/दस-15-1(1)/69, दिनांक 25-10-1983 एवं संख्या-ए-1-235/दस-2011-1(1)/69, दिनांक 10-06-2011 में निहित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन किया जायेगा।

5- उक्त स्वीकृत धनराशि का भुगतान फर्म को तत्कालीन विनिमय दर से करने के पश्चात अधिशेष धनराशि मार्जिन मनी एकाउण्ट में जमा की जायेगी। आहरण/समायोजन में किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता या क्षति होती है, तो उसके लिए निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0 पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगे।

6- उपर्युक्त पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-38 के अधीन लेखा शीर्षक - 2070-अन्य प्रशासनिक सेवायें-आयोजनेत्तर-114-वाहन का क्रय तथा रख रखाव-03-नागरिक उड्डयन निदेशालय की मानक मद-42-अन्य व्यय के नामे डाला जायेगा।

7- यह आदेश वित्त (लेखा) अनुभाग-1 के अशा0 संख्या- एफ0ए0-1-61/दस-2017, दिनांक 22 फरवरी, 2017 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(एस0के0 रघुवंशी)
सचिव।

पृ0सं0 : 19/2017/152(1)/छप्पन-2017-तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- उप महालेखाकार ई0एस0।।। आडिट भवन टी0सी0-ई0वी-।,विभूति खण्ड गोमती नगर, लखनऊ-।0
3- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7/ वित्त (लेखा) अनुभाग-1/2
5- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(डा0 सत्य प्रकाश तिवारी)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in